IS 15700:2005

सेवोत्तम प्रमाणित

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

104, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ

Website: http://www.upavp.com E-mail: info@upavp.com

भारतीय मानक ब्यूरो

मानकः पथप्रदर्शकः

Bureau of Indian Standards

IS 15700

SQMS

वृन्दावन योजना में नवविकसित आवासीय भूखण्डों के आवंटन सम्बन्धी सूचना।

दैनिक समाचार पत्र ''दैनिक जागरण'' एवं ''अमर उजाला'' में दिनांक 08.10.2016 को परिषद की वृन्दावन योजना, सेक्टर–4 व 6, लखनऊ में 41 नग भूखण्डों के आवंटन हेतु आवेदन पत्र दिनांक 24.10.2016 तक आमन्त्रण हेतु विज्ञापन प्रकाशित हुआ था विवरण निम्नवत् हैः–

क्र. सं.	भूखण्डों का क्षेत्रफल (व0मी0 में)	भूखण्डों की संख्या	आरक्षित वर्ग	दर (प्र0व0मी0 में)	पंजीकरण धनराशि
1	26.25 से 74.40	7	अनुसूचित जाति	16000.00	45000.00
2	25.88	1	अनुसूचित जनजाति	16000.00	45000.00
3	25.88 से 73.53	12	अन्य पिछड़ा वर्ग	16000.00	45000.00
4	25.41 से 73.08	21	सामान्य	16000.00	45000.00

आरक्षित वर्ग के आवेदकों हेतु पंजीकरण धनराशि रू0 45000/– की आधी धनराशि रू0 22500/– का डी0डी0/पे–आर्डर/बैंकर्स चेक जो ''उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद'' लखनऊ के पक्ष में देय होगा, के साथ रू0 1000/– के आवेदन फार्म सहित संलग्न कर आवेदन कर सकते हैं। आवंटन लाटरी ड्रा में सफल होने पर पंजीकरण अन्तर की धनराशि रू0 22500/– प्रदेशन के उपरान्त जमा करनी होगी। आरक्षित वर्ग के जिन आवेदकों द्वारा पंजीकरण धनराशि रू0 45000/– के डी0डी0/पे–आर्डर/बैंकर्स चेक द्वारा आवंटन हेतु आवेदन किया जा चुका है उन्हें पंजीकरण अन्तर की धनराशि प्रदेशन के उपरान्त जमा नहीं करनी होगी। आवंटन/प्रदेशन के उपरान्त किसी भी वर्ग का यदि कोई आवेदक निरस्तीकरण हेतु प्रदेशन पत्र निर्गमन के 03 माह के अन्दर आवेदन करता है तो उसे पंजीकरण धनराशि रू0 45000.00 का 20 प्रतिशत तथा 03 माह के बाद आवेदन करने पर 50 प्रतिशत की कटौती कर शेष धनराशि नियमानुसार वापस की जायेगी।

आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि **24.10.2016** के स्थान पर दिनांक **04.11.2016** तक बढ़ा दी गयी है। लाटरी ड्रा द्वारा आवंटन दिनांक **07.11.2016** को सभागार कक्ष, ऑफिस काम्पलेक्स, सेक्टर–9, वृन्दावन योजना, लखनऊ में प्रातः 11:00 बजे से सम्पन्न होगा।

नोट :– आवंटन स्थल पर आवेदन पत्र की प्राप्ति मूलरूप में एवं पहचान पत्र के साथ आये तभी प्रवेश अनुमन्य होगा।

आवास आयुक्त